**कोरोना महामारी - ज़िम्मेदार बने सरकार!**

माननीय मुख्यमंत्री
मप्र शासन
भोपाल

महोदय

कोरोना महामारी लगातार विकराल रूप लेती जा रही है। ऐसी सम्भावना है कि आने वाले चार से आठ हफ़्तों में ये और भी विकराल हो जाएगी। हमारे देश के ज़्यादातर लोगों की सामाजिक-आर्थिक हालत और सार्वजनिक व्यवस्थाओं की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह ज़रूरी है कि सरकार हर स्तर पर कुछ बुनियादी फ़ैसले लेते हुए लोगों को इस महामारी और इससे जुड़ी सामाजिक-आर्थिक असुरक्षाओं से बचाने के लिए निम्न कार्यवाहियाँ तत्काल करे। इसमें हम सरकार को अपना पूरा समर्थन देने का वायदा भी करते हैं -

1. कोरोना सम्बन्धी सुरक्षा उपकरण, टेस्ट और इलाज की पूरी तरह मुफ्त और पर्याप्त व्यवस्था कि जाए। आपदा की व्यापकता के मद्देनज़र निजी अस्पतालों को भी सरकारी नियंत्रण में लिया जाए।
2. राज्य, ज़िला, ब्लॉक, तहसील व गाँव समेत हर स्तर पर सभी सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था मजबूत की जाए; पर्याप्त संख्या में आई.सी.यू. (ICU) व आइशोलेशन वार्ड, क्वारंटाइन सेंटर बनाए जाएँ और पर्याप्त वेन्टीलेटरों की व्यवस्था की जाए। साथ ही, हर स्तर पर एम्बुलेन्सों की व्यवस्था की जाए।
3. सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों की सुरक्षा के पूरे इंतज़ाम किए जाएँ। स्वास्थ्य और सफ़ाई से जुड़े कर्मचारियों को समुचित सुरक्षा किट दी जाए और उसके इस्तेमाल का प्रशिक्षण भी।
4. सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। साबुन, पानी, सेनिटाइज़र आदि पर्याप्त रूप से उपलब्ध कराए जाएँ।
5. निम्न आय वर्ग की बस्तियों/मुहल्लों/ग्रामीण इलाक़ों के टोलों, दलित, आदिवासी, विमुक्त जनजातियों, अल्पसंख्यकों, किसानों, खेतिहर मज़दूरों, दिहाड़ी मज़दूरों, वृद्धाश्रमों, ट्रांसजेंडर समुदाय, और दूसरे ऐसे वंचित व कमज़ोर समुदायों को ख़ास ध्यान में रखते हुए ज़रूरी राशन (चावल, दाल, आटा, तेल, नमक, मसाले, आलू, प्याज़, दूध व अन्य सामग्री), प्रतिरोध क्षमता बढ़ाने वाली दवाइयाँ (विटामिन सी, मल्टीविटामिन आदि), और सफ़ाई की सामग्री (साबुन आदि) का वितरण हर परिवार व व्यक्ति को पूरी तरह मुफ़्त और बिना किसी आधिकारिक औपचारिकता की बाधा के किया जाए। इस मामले में किसी भी तरह का भेदभाव न बरता जाए।
6. छह साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों, बुजुर्गों और अन्य प्रकार के संवेदनशील श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों के पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ख़ास ध्यान रखा जाए।
7. इस तरह की ज़रूरी सामग्री की व्यवस्था के लिए हेल्पलाइन बनाई जाए।
8. बेघर लोगों के लिए आवास की व्यवस्था करके उनके लिए भी ऊपर लिखी व्यवस्था की जाए।
9. इसके अलावा भी शहरों व गाँवों में बने-बनाए भोजन के वितरण के अभियान चलाए जाएँ।

10. कोरोना वायरस की आपदा अभी लम्बे समय तक रहने की आशंका है, इसे देखते हुए ग़रीबी रेखा से ऊपर रह रहे परिवारों को भी ज़रूरी राशन आदि मुहैया कराने के इंतज़ाम किए जाए। इसके लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को तत्काल युद्ध स्तर पर सुदृढ़ किया जाए।
11. गैर-संगठित क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों, घरेलू कामगारों, बेरोज़गार व अन्य निम्न व अनिश्चित आय वर्ग के परिवारों के हर वयस्क सदस्य को इस आपदा की अवधि और उसके बाद भी कम-से-कम 10 हज़ार रुपए महीने बैंक या पोस्ट ऑफिस खाते के माध्यम से देने की व्यवस्था की जाए। जहाँ कोई खाता या बैंक/पोस्ट ऑफिस न हो वहाँ नगद पैसा दिया जाए।
12. जेलों में बन्द क़ैदियों की सुरक्षा के समुचित इंतज़ाम किए जाए।
13. आपदा के चलते मानसिक व मनोवैज्ञानिक रोगों में बढ़ोतरी के मद्देनज़र पर्याप्त इंतज़ाम किए जाए।
14. सार्वजनिक सेवाओं को लोगों तक पहुँचाने के लिए वालन्टियरों/स्वैच्छिक समूहों को महामारी राहत कार्यों से जोड़ा जाए और इसके लिए उनको समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही, डाक्टरों की कमी के मद्देनज़र सरकारी व निजी संस्थानों के एमबीबीएस व एमडी के फ़ाइनल वर्ष के विद्यार्थियों को भी महामारी राहत के लिए तैनात किया जाए।

**आम इंसान की सुरक्षा में सरकार की ज़िम्मेदारी तय करने की एक मुहिम**

**An Initiative to make the government responsible for care of common people**

अनिल कर्णे, भू अधिकार अभियान
अनिल सद्गोपाल, शिक्षा अधिकार मंच
अनुराग सक्सेना, मध्य प्रदेश मेडिकल रेप्रेज़ेन्टेटिव यूनियन
अमूल्य निधि, जन स्वास्थ्य अभियान
आबिद व यासिर, इंसानी बिरादरी
आशीष, यूथ फ़ॉर यूनिटी एंड वॉलंटरी एक्शन
एल एस हरदेनिया, राष्ट्रीय सेकुलर मंच
एस आर आज़ाद, मध्य प्रदेश विज्ञान सभा
क्लाइमेट जस्टिस मुहिम
ज़मा, मानव अधिकार न्यायिक संघ
जावेद अनीस, MPLSSM
दानिश खान, युवारम्भ
पूषन भट्टाचार्य, भोपाल ज़ोन इंश्योरेंस एमप्लॉईज़ एसोसिएशन
प्रमोद प्रधान, CITU
मनोज कुलकर्णी, जनवादी लेखक संघ
मन्थन व औरंगजेब, असंगठित मज़दूर मंच
माधुरी, दलित आदिवासी जागृति संगठन
मेधा पाटकर, नर्मदा बचाओ अभियान
यूसुफ़ खान, वे ऑफ़ हैप्पीनेस
राजकुमार सिन्हा, एनएपीएम, मप्र
रोली, मध्य प्रदेश सूचना अधिकार अभियान
लोकेश मालती प्रकाश, विकल्प सांस्कृतिक मंच
विजय कुमार, कोऑर्डिनेशन कमेटी अगेंस्ट CAA-NPR-NRC, मप्र

विद्या खांगर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन
विवेक पवार, जन संघर्ष मोर्चा, महाकौशल
शिवशंकर मौर्य, एटक, मप्र
शिवानी, मध्य प्रदेश महिला मंच
शैलेन्द्र शैली, प्रगतिशील लेखक संघ
श्याम बोहरे, भारत ज्ञान विज्ञान समिति, मप्र
सचिन जैन, विकास संवाद
संध्या शैली, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति
सना अज़हर व उज़ैर खान, परिन्दे
सारिका श्रीवास्तव, NFIW
सारिका सिन्हा, एक्शन एड
अब्दुल हक़ व सीमा कुरूप, एका
सुनीलम, किसान संघर्ष समिति
सुभाष गर्ग, आवाज़
अंजलि नरोन्हा
ईश्वर सिंह दोस्त
राकेश दीक्षित
राकेश दीवान
राजेन्द्र कोठारी

**सम्पर्क-**
9425302012 (आशा मिश्रा), 9425014874 (सीमा कुरूप), 9981773205 (विजय कुमार), 7869128784 (सचिन श्रीवास्तव), 9406538817 (सत्येंद्र पांडेय), 9407549240 (लोकेश मालती प्रकाश), 9340058745 (सार्थक)